INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Class work
Lesson 1-Q/Bank, Grammar	Topics: - लिंग, विलोम, पर्याय, अनेकार्थी	Pl File in portfolio-

एक तिनका -अति **लघु प्रश्न**

प्रश्न-1 तिनका कहाँ से उड़ कर आया था?

उत्तर- तिनका बहुत दूर से उड़ कर आया था।

प्रश्न-2 तिनका कहाँ आ गिरा?

उत्तर- तिनका कवि की आँख में आ गिरा।

प्रश्न-3 कवि पर किसने व्यंग किया?

उत्तर- कवि पर उसकी समझ ने व्यंग किया।

प्रश्न-4 कवि घमंड में ऐंठा हुआ कहाँ खड़ा था?

उत्तर- कवि घमंड में ऐंठा हुआ मुंडेर (छत) पर खड़ा था।

प्रश्न-5 'एक तिनका' के कवि कौन हैं?

उत्तर- 'एक तिनका' के कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी हैं।

प्रश्न-6 कवि अपने बारे में क्या सोचता था?

उत्तर- कवि सोचता था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

प्रश्न-7 कवि छत पर किस भाव से खड़ा था?

उत्तर- कवि छत पर घमंड से भरे हुए भाव में खड़ा था।

प्रश्न-8 कवि बेचैन क्यों हो गया था?

उत्तर- कवि आँख में तिनका पड़ने के कारण बेचैन हो गया था।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

उत्तर– कवि की आँख में तिनका जैसे ही गया वह बहुत बेचैन हो गया। उसकी आँख लाल हो गई और दर्द से दुखने लगी। वह दर्द से कराह रहा था और असहाय था।

प्रश्न-2 घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया ?

उत्तर– घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास के लोगों ने कपड़े की मूँठ बनाकर उसकी आँख से तिनके को निकालने का प्रयत्न किया।

प्रश्न-3 ऐंठ और समझ में क्या अंतर है?

उत्तर–

ऐंठ	समझ
ऐंठ- अकड़कर चलती है| घमंड से भरी होती है| रूखे स्वर में बात करती है| किसी को कुछ नहीं समझती है| उसे किसी बात की परवाह नहीं होती है|	समझ– समझ शांत स्वभाव की होती है| उसका व्यवहार नम्र, विनीत तथा सरल होता है| वह सब का आदर करती है| उसकी बातों में समझदारी होती है|

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 कवि की सारी अकड़ क्यों भाग गई?

उत्तर – कवि की सारी अकड़ आँख में तिनका गिरने से भाग गई। उसे घमंड था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता परंतु एक तिनके ने उसकी हालत बुरी कर दी और उसे तिनका निकालने के लिए दूसरों की मदद लेनी पड़ी।

प्रश्न-2 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

उत्तर- 'एक तिनका' कविता में घमंड से भरे कवि की आँखों में पड़ा हुआ तिनका उसे बेचैन कर देता है, जिससे उसका सारा घमंड चूर-चूर हो जाता है| किसी तरह लोग कपड़े की नोक

से उसकी आँख में पड़ा तिनका निकालते हैं तो कवि सोच में पड़ जाता है कि आखिरकार उसे आज तक किस बात का घमंड था| जो एक तिनके ने तोड़ कर रख दिया है|

इस घटना के माध्यम से कवि ने संदेश दिया है कि हमें स्वयं पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए।

व्याकरण भाग –

प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. तीव्र **X** मंद
2. छाया **X** धूप
3. विराट **X** सूक्ष्म
4. सकारात्मक **X** नकारात्मक
5. सपूत **X** कपूत
6. घमंडी **X** विनम्र
7. नजदीक **X** दूर
8. परिचित **X** अपरिचित

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए|

1. अंग - अंश, शरीर के भाग
2. पत्र - पत्ता, चिट्ठी
3. चीर - वस्त्र, चीरना
4. गुण – रस्सी, कौशल
5. काँटा – कंटक, छोटी तराजू
6. चरण – पैर, छंद का एक पद
7. घन – बादल, बड़ा हथौड़ा
8. पट – किवाड़, कपड़ा

प्रश्न-3 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए|

1. आँख - नयन , नेत्र , चक्षु

2. घमंड - अभिमान, अहंकार , गर्व

3. दुख - व्यथा , कष्ट , पीड़ा

4. हाथ - कर , हस्त , पाणि

5. कंठ- गला, ग्रीवा, गर्दन

6. एकांत- निर्जन, सुनसान, शून्य

7. निर्बल- कमजोर, क्षीण, दुर्बल

8. भय- डर, खौफ, आतंक

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य बनाइए|

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
1.	पाठक- पाठक कविता पढ़ रहा है।	पाठिका- पाठिका कविता पढ़ रही है।
2.	बछड़ा- बछड़ा पानी पी रहा है|	बछिया- बछिया पानी पी रही है|
3.	साधु- साधु जंगल में तपस्या कर रहा है|	साध्वी- साध्वी जंगल में तपस्या कर रही है|
4.	पुरुष- पुरुष ने नौकर को डाँटा|	स्त्री- स्त्री ने नौकरानी को डाँटा|
5.	छात्र- छात्र मैदान में कसरत कर रहा है|	छात्रा- छात्रा मैदान में कसरत कर रही है|
6.	अध्यापक- अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।	अध्यापिका- अध्यापिका छात्राओं को पढ़ा रही हैं।
7.	ऊँट- ऊँट रेगिस्तान में दौड़ रहा है|	ऊँटनी- ऊँटनी रेगिस्तान में दौड़ रही है |
8.	तपस्वी- तपस्वी तपस्या में लीन है|	तपस्विनी- तपस्विनी तपस्या में लीन है|

लेखन कार्य – Classwork- पेड़ो के महत्त्व पर एक अनुच्छेद लिखिए|

लेखन कार्य – Homework- ‘ स्वास्थ्य ही धन है। ’ पर एक अनुच्छेद लिखिए|